दिनांक–20.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- जबलपुर में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आज, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सम्मेलन का शुभारंभ।
- केन्द्र सरकार ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों से केन और बेतवा लिंक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाने को कहा।
- बैतूल सहित छह और स्टेशनों पर खुलेंगे रेल कोच रेस्टोरेंट।
- महिला एशिया कप टी-ट्वेंटी क्रिकेट में, भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया।

**क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन**

राज्य सरकार द्वारा आज जबलपुर में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

इस अवसर पर नवनिर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक और सूचना केंद्र का लोकार्पण भी किया जायेगा। इसका निर्माण 80 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन इसी भवन में किया जा रहा है।

**Voice cast-**संजीव शर्मा

इससे पहले कल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियो एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सम्मेलन की तैयारियों का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने कहा सम्मेलन में बड़ी संख्या में निवेशक जबलपुर आयेंगे और उसका लाभ जबलपुर, महाकौशल सहित संपूर्ण प्रदेश को मिलेगा।

**सरकार-केन-बेतवा-परियोजना**

केनद्र्ा सरकार ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों से केन और बेतवा लिंक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाने और सभी लंबित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को तेजी से पूरा करने की अपील की है। सुश्री

मुखर्जी ने दूसरे चरण की शर्तों के अनुसार वन विभाग को समय पर जमीन हस्तांरित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की सराहना भी की।

नदियों को जोड़ने की इस परियोजना में मध्य प्रदेश में केन नदी से पानी उत्तर प्रदेश में बेतवा नदी तक पहुंचाने का प्रस्ताव है। इस परियोजना के जरिए बुंदेलखण्ड क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जायेगा।

केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण की संचालन समिति की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सचिव देवाश्री मुखर्जी ने की।

**सरकार-नमी मीटर**

सरकार ने अनाज दालों और तिलहन में नमी के स्तर को मापने वाले नमी मीटर के लिए मसौदा नियमों पर सभी हितधारकों के साथ चर्चा की। केन्द्रीय उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कल नई दिल्ली में हुई इस बैठक की अध्यक्षता की। नमी मीटर एक विशेष उपकरण है, इसका उपयोग विभिन्न उत्पादों विशेष रूप से कृषि उत्पादों - अनाज और तिलहन में नमी की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है। इस उपकरण से नमी के बारे में सटीक आंकड़े मिलते हैं। ये आंकड़े कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और भण्डारण की उपयुक्तता की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं।

**आरबीआई-जुर्माना**

भारतीय रिजर्व बैंक- आरबीआई ने 'अपने ग्राहक को जानें यानी केवाईसी दिशानिर्देश, 2016' के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए मुथूट फाइनेंस लिमिटेड पर एक लाख नब्बे हजार रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

**खरीफ फसलें**

देश में खरीफ फसलों की बुआई पिछले वर्ष छह सौ 80 लाख हेक्टेयर के मुकाबले अब तक सात सौ चार लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में की गई है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि चावल की बुआई एक सौ 66 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में की गई है, जो पिछले साल से करीब 11 लाख हेक्टेयर ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा है कि 85 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दलहन की खेती की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 लाख हेक्टेयर अधिक है।

**एम्स भोपाल**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स भोपाल ने सर्वश्रेष्ठ उभरते कॉलेजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। वर्ष **2000** में और उसके बाद स्थापित उच्चतम स्कोरिंग कॉलेजों में एम्स भोपाल को तीसरा स्थान प्राप्त है। मेडिकल कॉलेज की श्रेणी में एम्स भोपाल **2023** में **20**वें स्थान से **2024** में **16**वें स्थान पर पहुंच गया है।

यह जानकारी एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कल उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात के दौरान दी। श्री शुक्ल ने उपलब्धियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की एम्स भोपाल के अनुभव और सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था और सशक्त होगी।

**'रेल कोच रेस्टोरेंट'**

यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए भोजन के अनुभव को बढ़ाने के लिए एक नई पहल में**,** मध्य रेल नागपुर मंडल जल्द ही छह और स्टेशनों पर 'रेल कोच रेस्टोरेंट' शुरू करेगा। ये अनोखे भोजनालय ट्रैक पर खड़े कोचों में स्थापित किए जाएंगे।

मध्य रेलवे की एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया है कि नए 'रेल कोच रेस्टोरेंट' के लिए चुने गए स्टेशन अजनी**,** वर्धा**,** आमला**,** बैतूल**,** चंद्रपुर और बल्लारशाह हैं। इन प्रतिष्ठानों के लिए अनुबंध ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से दिए जाएंगे। 'रेल कोच रेस्टोरेंट' को एक विशिष्ट रेल-थीम वाले माहौल के साथ बढ़िया भोजन का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें **40** से अधिक लोग बैठ सकते हैं।

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान**

ग्वालियर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिला पंचायत द्वारा अब तक लगभग **23** हजार पौधे लगवाए जा चुके हैं। इनमें से विकासखंड मुरार में 3 हजार 550, घाटीगांव में 4 हजार **570,** डबरा में **5** हजार **850** एवं विकासखंड भितरवार के अंतर्गत **8** हजार **960** पौधे रोपे गए हैं। जिला पंचायत परिसर में कल भी अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पौधे रोपे। इसी तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा नया गांव**,** मोहना व करहिया क्षेत्र में सड़कों के किनारे विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

नीमच जिले में हरित भादवामाता पथ के तहत जवासा से भादवामाता तक की सड़क के दोनों ओर वृहद पौधारापेण कर 1200 पौधे लगाए गये है।

आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत मैना में कल आयोजित हुए ब्लॉक स्तरीय पौधा रोपण कार्यक्रम में एक दिन में इक्कीस सौ पौधों का रोपण किया गया।

**महिला क्रिकेट**

महिला एशिया कप टी-ट्वेंटी क्रिकेट में, भारत ने श्रीलंका के दांबुला में अपने पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान को **7** विकेट से हरा दिया। जीत के लिए **109** रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने **7** विकेट और **35** गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम **19** ओवर और दो गेंद पर **108** रन पर सिमट गई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने चालीस रन और स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं दीप्ति शर्मा ने सिर्फ **20** रन देकर तीन विकेट लिए। दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत का अगला मुकाबला रविवार को संयुक्त अरब अमीरात से होगा।

**विश्वव्यापी सूचना प्रौद्योगिकी - गड़बड़ी**

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में कल हुई बड़े स्तर पर गड़बड़ी के बाद दुनिया भर में हवाई से लेकर स्वास्थ्य जैसी कई सेवाएं अब धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही हैं। दुनिया भर में लाखों लोगों पर इसका असर पड़ा। अमरीकी साइबर सुरक्षा कम्पनी क्राउड स्ट्राइक ने सॉफ्टवेयर अपडेट किया था, इस सॉफ्टवेयर में खामी आने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के ऑपरेटिंग सिस्टम पर असर पड़ा। इससे दुनिया भर में बैंकिंग सेवा, अस्पतालों और हवाई संचालन पर बुरी तरह असर पड़ा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा **11** वर्षों से फरार चल रहे ईनामी आरोपी अजीत पारधी को कल लालबर्रा जिला बालाघाट से गिरफ्तार किया गया।
- सिंगरौली में कलेक्टर ने किसानों को राजस्व महाअभियान के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने किसानो की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए।
- सी एम हेल्पलाईन की मासिक ग्रेडिंग में माह जून में बैतूल जिले ने पहली बाहर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- झाबुआ जिले में मलेरिया, डेंगू और चिकुनगुन्या से बचाव और नियंत्रण के सम्बन्ध में नवीन ओर अक्रियाशील आशा का एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण" दिया गया।

- विदिशा जिले में इस वर्ष अब तक **321** दशमलव **9** मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि कल भी **17** मिमी वर्षा दर्ज हुई है।
- गुना में कल कलेक्टर ने अनुभाग चांचौड़ा के सब-डिवीजन न्यायालय एवं तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया ।
- खंडवा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के चलते दादाजी धाम पर भक्तो का आना जारी है। श्रद्धालु निशान लेकर दादाजी धाम पहुंच रहे हैं. यहाँ कल छः धार्मिक स्थलों से एक साथ निशान यात्रा भी निकाली गई।
- धार जिले में साम्प्रदायिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए है।

और

- डिंडोरी जिले में अमरपुर विकासखंड के अंतर्गत मनोरी गांव में डायरिया से पांच लोगों की मृत्यु के बाद बजाग ब्लॉक के बिंझोरी गांव में उल्टी दस्त से दो युवकों की मौत और तीन लोगों के गंभीर रूप से पीडित होने की जानकारी मिलने पर उन्हें अस्पताल में भारती कराया गया है

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- जबलपुर में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आज, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सम्मेलन का शुभारंभ ।
- केन्द्र सरकार ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों से केन और बेतवा लिंक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के काम में तेजी लाने को कहा
- बैतूल सहित छह और स्टेशनों पर खुलेंगे रेल कोच रेस्टोरेंट
- महिला एशिया कप टी-ट्वेंटी क्रिकेट में, भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया।

-----------------------------------